messages received from the Lok Sabha, signed by the Secretary-General of the Lok Sabha:—

(I)

"In accordance with the provisions of rule 120 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha, I am directed to inform you that Lok Sabha, at its sitting held on the 10th June, 1998, agreed without any amendment to the Representation of the People (Amendment) Bill, 1998, which was passed by Rajya Sabha at its sitting held on the 2nd June, 1998."

(II)

"In accordance with the provisions of rule 120 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha, at its sitting held on the 10th June, 1998, agreed without any amendment to the Merchant Shipping (Amendment) Bill, 1998, which was passed by Rajya Sabha at its sitting held on the 3rd June, 1998."

THE BUDGET (GENERAL), 1998-99 (Contd.)

कुमारी सरोज खापर्डे (महाराष्ट्र): उपसभाध्यक्ष महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। पिछले दो दिन से....(व्यवधान)

श्री लछमन सिंह: महोदय, पहले मेरी बारी थी?....(व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी): आपकी बारी भी आ रही है।....(व्यवधान)

कुमारी सरोज खापर्डे: सर, पहले उनको बोलने दीजिएगा, मैं बाद में बोलूंगी।

उपसभाध्यक्ष: नहीं, आप बोलिए, प्लीज़।....(व्यवधान)

MISS SAROJ KHAPARDE: Let him speak.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI): All this adjustment is being made in deference to the wishes of the House-....(*Interruptions*)... Otherwise, the time is exhausted. I hope everybody will agree with me. ...(*Interruptions*)...

कुमारी सरोज खापर्डे: सर, पिछले दो दिनों से हमारे सदन में बजट पर चर्चा हो रही है और इस सदन में बैठे हुए कई सदस्यों को मुझे सुनने का मौका मिला। कुछ ट्रेज़री बैंचेज़ से, कुछ विरोधी पक्ष से लोग बहुत अच्छा बोले और उन्होंने अपने विचारों को सही ढंग से सदन के सामने रखा। महोदय, मैं इस दिशाहीन, जनविरोधी और मंहगाई बढ़ाने वाला जो बजट माननीय वित्त मंत्री जी ने संसद् में पेश किया है उसका विरोध करने हेतु खड़ी हुई हूं। माननीय वित्त मंत्री जी ने स्वदेशी का राग अलापने के साथ स्वदेशी वस्तुओं को उत्पाद शुल्क लगा कर महंगा किया है जिसका परिणाम आम नागरिक को भुगतना पड़ेगा और जिससे आम नागरिक ही प्रभावित हुए हैं। महोदय, आप मुझसे सहमत होंगे, लेकिन आज की स्थिति में आप मुझसे सहमत होंगे या नहीं, यह मुझे नहीं मालूम, परन्तु जब आप इस तरफ बैठते थे जहां कि हम लोग आज बैठे हैं और हम जब उस तरफ बैठते थे जहां आज आप लोग बैठे हुए हैं, यह सिचुएशन होती तो शायद आप मुझसे सहमत होते, फिर भी मैं कहना चाहूंगा कि एक गरीब आदमी और सिर्फ गरीब आदमी नहीं, हम सभी सुबह उठ कर या दिन भर की थकान भगाने के लिए या मिटाने के लिए एक प्याली चाय ही पीने का प्रयास करते हैं।....(व्यवधान)

डा० महेश चन्द्र शर्मा (राजस्थान): मैं नहीं पीता हूं।...(व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी): नहीं, मज़ाक रहने दीजिए, सब पीते हैं।...(व्यवधान)

कुमारी सरोज खापर्डे: हम सभी पीते हैं। आप भी पीते हैं, हम भी पीते हैं। मैंने तो गरीब आदमी का एक उदाहरण दिया....(व्यवधान) ठीक है, आप भी पीते हैं, हम भी पीते हैं, बहुत अच्छी बात है। परन्तु चाय और दूध पाउडर पर कर लगा कर मंत्री महोदय ने एक प्याली चाय भी हम से दुश्वार कर दी।

महोदय, फिर मैं यहां किसी गरीब आदमी की चर्चा नहीं करूंगी, मुझे हम सभी की चर्चा करनी होगी। महोदय, कभी-कभी हम सामान्य लोगों के बच्चे भी नमकीन का स्वाद लेते थे, परन्तु मंत्रीजी की बड़ी कृपा हुई और उन्होंने उस पर भी कुछ टैक्स लगाया जिस कारण अब नमकीन खाने से भी अपने बच्चे वंचित हो जाएंगे। आज जब थके-मांदे जब हम घर जाते हैं या सुबह-सुबह जब अपने काम पर जाते हैं तो घर की

महिलाएं आप को बहुत बढ़िया नाश्ता बनाकर खिलाती हैं। अब आज आप उन से पूछिए कि क्या हालत है? आज सब्जियों के दाम, दालों के दाम आसमान छू रहे हैं। आप ने मसालों के ऊपर कर लगाकर ऐसी स्थिति पैदा कर दी है कि हमारी बहनें पकवान बनाते वक्त और मसाले डालते वक्त दो बार सोचेंगी कि कितना मसाला डालना है और उसे कितना स्वादिष्ट बनाना है।

मान्यवर, हमारे गरीब परिवारों की महिलाएं घर की आमदनी बनाए रखने के लिए घर में सिलाई कर के आमदनी बढ़ाने का प्रयत्न करती रही हैं, परंतु मंत्री महोदय ने सिलाई की मशीनों पर कर लगाकर उन की रोजी-रोटी को छीनने का प्रयास किया है। मान्यवर, एक उम्र के बाद हम सभी को ऐनक की जरूरत जरूर पड़ती है, फिर चाहे वह कम उम्र में लगे या बड़ी उम्र में लगे। हमारे रक्षा मंत्री को कितनी कम उम्र में ऐनक की जरूरत पड़ गयी। आज आप ने ऐनक के लैंसेस और फ्रेम्स के ऊपर भी कर लगा दिया है। क्या इस के लिए हमारे वित्त मंत्री जी बधाई के पात्र नहीं हैं? मान्यवर, नया सवेरा लानेवाली सरकार की विडंबना तो यह है कि जहां आम उपभोक्ता की वस्तुओं को महंगा बना दिया गया है, वहीं विलासिता की वस्तुएं, जैसे कैलकुलेटर्स, पेजर्स और "सेलफोन" को आप ने काफी सस्ता कर दिया है। मान्यवर, मुझे यह सब देखने के बाद ऐसा महसूस होने लगा है कि वित्त मंत्री जी ने जो बजट संसद के सामने पेश किया है, यह गरीबों का बजट नहीं, है, यह आम लोगों का बजट नहीं है, यह सिर्फ सरमायदारों का है, यह बजट सिर्फ अमीरों का है और अमीरों की सुविधाओं का ही इस बजट में ध्यान रखा गया है। आप ने अपने बजट के जरिए गरीबों को खूब निचोड़ने में किसी प्रकार की कोई कसर नहीं छोड़ी है।

मान्यवर, किसानों के कल्याण का राग आलापने वाली इस सरकार ने किसानों के हितों पर भी बहुत बड़े प्रहार किए हैं। इस सदन में मेरे अन्य साथियों ने भी यूरिया के बारे में चर्चा की हैं और हमारे साथियों ने ही नहीं बल्कि सरकार के सहयोगियों ने भी यूरिया के दाम बढ़ाए जाने से नाराज होकर सरकार की किरकिरी कर डाली है। दूसरी ओर सरकार की इस कार्यवाही से अति-प्रसन्न होकर हमारे उत्तर प्रदेश के किसान नेता श्री टिकैत ने तो प्रधान मंत्री जी के बारे में कहा है कि इस के लिए प्रधान मंत्री जी का सार्वजनिक अभिनंदन हमें करना चाहिए। क्योंकि आपने किसानों की इतनी भलाई की अपना बजट बनाकर। मान्यवर, मुझे समझ में नहीं आता है, यह कैसे विडंबना है कि नैसर्गिक विपदाओं की मार से त्रस्त किसानों के लिए यूरिया की कीमत बढ़ा दी गई है। यह सरकार बाजार में बिक रहे नकली फर्टिलाइजर को रोकने के स्थान पर किसानों की जेबें खाली करने में लगी हुई हैं। इतना ही नहीं, डेरी उत्पादों पर शुल्क लगाया, ट्रेक्टरों पर शुल्क लगाया और ऐसा लगता है कि सरकार ने सारा जो कुछ काम किया है इस बजट के माध्यम से, वह किसान के विरोध में ही किया है। ऐसा संक्षेप में सभी लोगों की नजर आने लगा है।

मान्यवर, कहने को तो आपने कृषि के लिए राशि में 58 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की है, परन्तु किसानों को इस राशि से लाभ होने वाला नहीं है। ऐसा साफ नजर आता है क्योंकि प्राकृतिक विपदा कोष में धनराशि का प्रावधान जो है वह दो साल पहले ही कर दिया गया था और उसी के साथ ही उस प्रावधान में राज्यों का हिस्सा भी निर्धारित कर दिया गया था, चाहे प्रदेशों में प्राकृतिक विपदा का प्रकोप कितना ही व्यापक क्यों न हो। उदाहरण के लिए मैं आपसे कहना चाहूंगी कि महाराष्ट्र में इस बार प्रकृति ने एक तांडव नृत्य खड़ा कर दिया, लाखों किसानों की फसलें, बागीचे आदि नष्ट हो गए, परन्तु उन्हें राहत नाम की कोई सांत्वना, राहत नाम की कोई तसल्ली न तो केन्द्र सरकार से मिली और न ही राज्य सरकार से मिली है।

मान्यवर, आज सारे देश का जो ध्यान है, यह ध्यान आत्महत्या करने वाले किसानों की ओर गया है, परन्तु इन किसानों का जिनका नुकसान हुआ है नैसर्गिक विपदा के कारण उनके लिए कोई एक निश्चित राशि राहत के रूप में उपलब्ध कराने के स्थान पर हमारे वित्त मंत्री जी क्रेडिट कार्ड देकर गरीब किसान का मजाक उड़ाने से पीछे नहीं रहे हैं। इसका उल्लेख मैं विरोधी पक्ष में बैठी हूं इसलिए नहीं कर रही हूं, आपकी पार्टी के ही जो हमारे नायडू साहब हैं, उन्होंने अपने भाषण में जिक्र किया है कि आप किस तरह से किसानों की खिल्ली उड़ाते हैं, किसानों का किस तरह से आप मजाक उड़ाते हैं। क्रेडिट कार्ड देना आपके लिए बहुत आसान होगा, लेकिन क्रेडिट कार्ड तो वह तभी इस्तेमाल कर सकेगा, जब अपने खाते में वह पैसा डाल सकेगा।

मान्यवर, मुझे लगता है कि सरकार ने अपने बजट में सारे देश में फसल का बीमा लागू करने की कहीं पर बात नहीं की है। मैं सरकार से मांग करना चाहूंगी कि सारे देश में, और विशेषकर महाराष्ट्र में फसल बीमा लागू करे, जिसमें छोटे और मध्यम वर्ग के जो किसान हैं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के जो किसान हैं, उन किसानों का जो प्रीमियम हो, उस प्रीमियम को सरकार स्वयं वहन करे।

मान्यवर, मैं आपका ध्यान बजट में जो स्वास्थ्य के बारे में इन्होंने प्रावधान किया है, उसकी ओर दिलाना चाहूंगी, लेकिन उसके पहले मैं जरा कुछ कहना चाहूंगी। अभी दोपहर में मैं, प्रो॰ विजय कुमार मल्होत्रा जी द्वारा इस सदन में दिया हुआ जो भाषण था, उस भाषण को मैं पढ़ रही थी। उस भाषण को पढ़ते-पढ़ते मैंने देखा, जो मैं यहां उल्लेख करना चाहूंगी।

प्रो॰ विजय कुमार मल्होत्रा ने कहा कि:—

> "यह दुर्भाग्य रहा इस देश का कि एमरजेंसी के वक्त के दौरान उठाए गए कुछ कदमों से जनसंख्या नियंत्रण की बात लोगों के दिमाग से निकल गई। फैमिली-प्लानिंग करनी चाहिए, जनंख्या को कम करना चाहिए, इसके खिलाफ एक वातावरण बन गया जिसका परिणाम यह हुआ कि हमारे देश की जनसंख्या आज बढ़ती जा रही है।"

महोदय, मैं विनम्रता से कहना चाहूंगी कि एमरजेंसी के जमाने में हुई ज्यादतियों का समर्थन करने के लिए मैं यहां खड़ी नहीं हुई हूं, परन्तु उस वक्त उस सरकार का निश्चित रूप से यह उद्देश्य था कि जनसंख्या को नियंत्रित किया जाना चाहिए। उस वक्त सरकार की ओर से जो नीतियां अपनाई गई थीं। वे देश के हित में थीं। उनका उस समय अगर दुष्प्रचार न किया जाता तो हमारे देश की जनसंख्या में आज काफी हद तक नियंत्रण हमें दिखाई देता। मान्यवर, स्वास्थ्य के बारे में बोलते हुए मुझे यह कहना पड़ रहा है कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं की अपनी समस्याएं होती हैं। सामाजिक और लोक-लाज के कारण वह अपनी हर बीमारी को बता नहीं सकती और गांव के एक छोटे से कमरे के स्वास्थ्य केन्द्र में, जहां केवल एक पुरूष डाक्टर होता है और वह पुरुष डाक्टर अनेक युवा मर्दों के साथ, महिलाओं के साथ, वृद्धों के साथ काफी व्यस्त रहता है, ऐसी हालत में वह महिला उसके पास जाकर उसको अपना रोग नहीं बता सकती है वह सिर्फ इतना कहती है कि तबीयत ठीक नहीं है और दवा लेकर आ जाती है और यह समझती है कि शायद मेरी तकदीर में यही था कि मुझे दर्द निवारक दवा लेकर अपने आपको ठीक करना था। तो इसलिए मैं कहना चाहती हूं कि मैं अपेक्षा करती थी कि इस बजट में गांवों में एक योग्य महिला डाक्टर की विज़िट का प्रावधान करने की बात कही जाएगी। इस बजट में जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक दवाओं का प्रावधान किया जाना चाहिए था और इसी प्रकार जैसा मैंने अभी जनसंख्या नियंत्रण के बारे में कहा, इस बजट में जनसंख्या नियंत्रण हेतु ग्रामीण क्षेत्र में परिवार कल्याण कार्यक्रमों के लिए विशेष प्रावधान होना चाहिए था, परन्तु सरकार ने इसकी ओर कोई ध्यान नहीं दिया है। परिवार कल्याण की पूर्ण रूप से अनदेखी की गई है और मैं समझती हूं कि इसकी इतनी अनदेखी करना सरकार के लिए ठीक नहीं है।

मान्यवर, सरकार ने आवास निर्माण के बारे में भी बड़े लम्बे-चौड़े वायदे किए हैं, लेकिन मेरी समझ में नहीं आ रहा है कि आवास निर्माण के बारे में किए गए लम्बे-चौड़े वायदों को मूर्त रूप कैसे दिया जाएगा और इसका बजट में कोई उल्लेख भी नहीं किया गया है। फिर मकान अगर बन भी जाते हैं तो वे आम गरीब इंसान को कैसे उपलब्ध होंगे, इसका कोई जिक्र हमारे बजट में नहीं है। उन मकानों में बिजली, पानी सीवरेज जैसे जो मूलभूत सुविधाएं हैं, ये उपलब्ध होंगी या नहीं, इसका भी उल्लेख नहीं है। इसके साथ-साथ पटरी पर सोने वाले लोगों के लिए सरकार की क्या योजना है, इसकी भी जानकारी इस सदन को दी जानी चाहिए थी, लेकिन इसका भी बजट में कोई उल्लेख नहीं है।

मान्यवर, शिक्षा के लिए आपने 4,245 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है, बहुत अच्छी बात है लेकिन मेरी समझ से यह समस्त देश के लिए काफी नहीं है। इसका सबसे अधिक असर अगर किसी पर होगा तो वह होगा समाज के कमजोर वर्गों पर, दलितों पर क्योंकि उनके लिए अलग से व्यवस्था कर पाना सरकार के लिए संभव नहीं हो पाएगा जबकि इस वर्ग में शिक्षा का प्रसार करने की ज्यादा आवश्यकता है।

मान्यवर, मैं और एक मुद्दे की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं। यह जो बजट पेश किया गया है संसद में, यह बजट बेकारी की समस्या का निदान करने हेतु वचनबद्ध नहीं है। इतना ही नहीं, सरकारी सेवाएं भी उपलब्ध नहीं करा सकता है। उद्योग का विकास न होने के कारण इम्प्लॉयमेंट जनरेट नहीं हो पा रहा है और गांवों में नैसर्गिक विपत्तियों के कारण काम भी उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। इस बजट से ऐसा नहीं लगता है कि इस देश की बेकारी कम हो पाएगी। इन सारे पहलुओं पर विचार करने के बाद, इस बजट को ठीक ढंग से देखने के बाद, पढ़ने के बाद मैं वाकयी इस निष्कर्ष पर पहुंची हूं कि इस जनविरोधी बजट के बारे में मुझे समर्थन करने का कोई अधिकार नहीं है। मैंने जरूर समर्थन किया होता अगर इसमें थोड़ी सी भी गुंजाइश होती। वैसे भी विरोधी पक्ष के नाते हम लोग यहां विरोध

करने के लिए बैठे हुए हैं, इसलिए समर्थन करने का सवाल ही नहीं उठता। लेकिन मैंने जो मुद्दे उठाए, इन मुद्दों का आपने जरा भी ध्यान रखा होता तो मैंने कहा होता कि आपका जो बजट है, वह काफी अच्छा है। जिन मुद्दों को मैंने आपके सामने रखा है, उन मुद्दों को आपको ध्यान में रखना चाहिए। मुझे लगता है कि मुझे आपके बजट का विरोध करना चाहिए। इसलिए मैं वित्त मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट का विरोध करते हुए अपनी बात समाप्त करती हूं। आपने मुझे जो मौका दिया, इसके लिए मैं आपकी आभारी हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI): Dr. Arun Kumar Sarma. It is his maiden speech.

DR. ARUN KUMAR SARMA (Assam): Mr. Vice-Chairman, Sir, this is my maiden speech in this House. We have already deliberated on this subject in detail and I have been listening to most of the speakers of this august House. I must say that I am not an economist. I was teaching in a University, an Agriculture University of Assam before coming to this Parliament. Whatever has been deliberated in this House, it tempted me to think about it from a different angle. For the last 50 years we have been deliberating on the budgets, on the Indian budgets prepared by the Finance Ministry. Every time we just try to find out loopholes in the Indian Budget prepared by the Finance Ministry without going into real crux of the problems of this country. The point I want to make is, that we do not have adequate resources to meet the budgetary requirements.

After we became independent, we inherited a variety of systems, a machinery from the British regime. The British regime tried to explore and exploit resources from the States and the provinces at that time. The usual practice of British was to bring money from the States and provinces, accumulate it at New Delhi and then take it away to the United Kingdom for welfare activities there. After this was brought to our own administrative set-up, we could not make much change in the administrative system and the planning process. And that is why we could do anything, but just blame the machinery through which the Budget is prepared. We do not have the resources. For the last 50 years, the planning process has been so defective that we could not do anything to increase the production level, to have the minimum infrastructure so as to continue production for generation of resources.

We thought of becoming a welfare State. We floated lot of *Yojanas*. We did lot of planning. We prepared lot of schemes, a lot of projects. They become rather a liability for the country, instead of resulting in productive assets. That is where the Planning Commission failed.

What was the prescribed role of the Planning Commission? To lay down the priorities and finalise the schemes to be taken up in different parts of the country, on the basis of the proposals from the State Governments. But what was done? The entire planning process was medulated at the behest of the ruling party at the Centre and the Union Cabinet. Though it was called the Planning Commission, in effect, it was just an administrative body, a subordinate body, of the Union Cabinet. Funds were distributed at the whims of some Ministers; may be the Prime Minister, the Finance Minister, or, some other Minister. Threrfore, equitable distribution to the appropriate sectors did not take place.

I can give one example here. I belong to the North-East. We have thirty-three per cent of the water resources in the country. Because of the steep hills in this region, we could have more dams for production of cheap hydro power. The North-Eastern Region has the potential of producing 55,000 MW of hydro power. But I am sorry to say, till today, our region, the North-Eastern Region, remains a power-deficient area.

Today, Sir, the country is suffering because of shortage of power. Power is the basic infrastructure for development.

But we have not tapped this potential in the North-Eastern Region.

Sir, we have borrowed a lot of money from foreign countries. We have become indebted, to a great extent. We did not have resources. We borrowed. What did we do? We created jobs in the public sector, in the Government sector, capable of producing nothing. We retained the education system of the British. What is the result? Lakhs and lakhs of graduates, educated youth, are coming out every year, capable of applying for Governmnt jobs only. They are not capable of earning their own livelihood with the kind of education they have. I do not blame our youth. We have just inherited this system from the British, which was meant for the creation of a certain number of bureaucrats, a certain number of clerks. The country could not adopt any effective plan programme.

What is the position in which we find ourselves today as a result of this? One hon. Member Shri Pranab Mukherjee pointed out in his speach today. It touched my heart. He said that the loan burden — both principal and interest — is more than our revenue receipts, i.e. whatever amount we are earning from within our country an amount greater than that is being paid in the form of loan repayment. It means, we are in the stage of bankruptcy. Who is to be blamed now?

From my student days, I have been seeing a lot of debate taking place in both Houses of Parliament and in the State Legislatures. I find that it is mostly to blame the other politicians and point out as to what wrongs they did. I do not know what kind of constructive deliberations we have made to really find out the truth. That is the crux of the problem. This is what we have to do. This is the need of the hour. I hope, in future, we will address ourselves to this.

I strongly feel — this may not be acceptable to most of the learned Members, but, as a new Member, I must express my viewpoint — that we must change our Constitution. There should be another Constituent Assembly. Let us find out as to what are the problems, what are the real problems of the country and the practical solutions to these. If the real problems of the remote corners of the country are properly dealt with, we need not invest much in security, we need not invest much in defence. Nearly 40 per cent of our Budget goes for defence and internal security.

The situation in Assam and in most of the other States in the North-East is such that the State Government are not capable of paying the salary of their own employees, not to speak of taking up any developmental activity. What is the reason? After the Independence, the Constitution was amended time and again to curtail the power of the State Governments to raise their own resources. Amending the Seventh Schedule, some of the items were transferred from the State List to the Concurrent List and from the Concurrent List to the Union List. Now the Central Government is blaming all the State Governments that they are not capable of delivering goods to the people. All the liabilities were left with the State Governments and the resource-earning items came to the Union Government. The Centre enjoy 80 per cent of the total resources, leaving the States with the liabilities only.

In India, the first oil refinery and the first tea garden was established in Assam. Coalmines were established a railway line was installed and so many other developmental activities were taking place in Assam during the British time.

But what is the fate of Assam now? Why has the insurgency cropped? Without solving their real problem, only blaming the people of Assam or the people of the North-East will not solve the problem neither in Assam nor in any other State of the country. Hon. Member, Mr. Naidu, says that the regional imbalance is very much because, at the behest

of some influential politicians of the ruling party, the Planning Commission decides what Plan fund will go to which part. That is the reason why, despite having all the water resources, we do not have important power projects to generate adequate power which is the immediate infrastructure needed for any development activity. Even for education of children, we need power. Power is the basic need for any developemnt, but we could not generate it sufficiently for the last 50 years. This is shame for our country which is having so much of population, so many educated people and so many strong personalities. The time has come to review the entire system.

Mr. Vice-Chairman, Sir, I must emphasise one issue of the Planning Commission. Whatever the Planning Commission has practised during the last 50 years through different planning processes, it resulted reasonal imbalances in development therefore it should be a constitutional body. There should be definite criteria on what kind of fund disbursement and planning process will be taken up by the Planning Commission. The Finance Commission is a constitutional body. So, definite guidelines are followed by it. But most of the funds allocated through the Planning Commission during the period have gone to the developed States. There are many Central Sector schemes, in duplication with the State schemes. Education, health etc. were State subjects. They have been transferred to the Concurrent List. Now there is duplication in most of the items. For education, there is the Union Budget and there are also the State Budgets. For agriculture also there are the State Budgets and there is the Union Budget. There is unnecessary duplication in most of the subjects.

If you take one scheme the method of the scheme is such that by the time it reaches remote areas of the North-East, another scheme starts. The privilege goes to the developed States because they can get the full benefit of the scheme. They are privileged to know the details of the scheme at the beginning and they have sufficient funds to give the matching grant. No State Government in the North-East is in a position to give the matching grant. So, whatever money is given in the name of Central Planning, it does not really reach the common people of the North-East. It is not the case of only the North-East, but it is also the case of Bihar and some other parts of the country. so, there should be a drastic change in the entire administrative set-up and we must have a review.

We must have a review of the work in the public sector, in all the Government and even the State Government offices. A number of surplus employees are having no work. Some may, of course, be required at a particular time, but not always. We are just paying them for nothing. There is no production. Because we inherited a socilaistic system and have become a welfare State, we can not afford to retrench them.

Sir, we could not adopt advance technology in the North-East in spite of a large sum of money allocated to the North-Eastern States. We did not import proper technology. Therefore, it is said that the money has gone to wrong places. Some of the money went into the hands of the extremists as well. Therefore, the Centre is reluctant to give monetary assistance to the North-Eastern States. When India was attacked by China in 1962—I was a very small child then—I remember a message went around of the then Prime Minister who said, "My Heart goes out with the people of Assam". Since the people of Assam could not be protected and the Indian Army also fled, the bureaucracy and the Planning Commission developed the impression—the politicians at that time also felt—that it was useless to invest in the North-East, because they felt that any moment this area might go to China. This has been reflected in the recent statement made by our Defence Minister, when he visited the North East. That is the reason why there was no proper investment in the North-East. Even in spite of the commit-

ments of both the then Prime Ministers, Shri H.D. Deve Gowda and Shri Gujral and also of the present Prime Minister, when he visited the North East, very little has been reflected in the present Budget. That is why we feel that something tangent needs to be done to meet the basic needs of the North-Eastern States. India basically being an agricultural country, greater emphasis has to be given to agriculture. I must congratulate the former Finance Minister, Dr. Manmohan Singh, who was the first person to take a bold step in stopping the practice of spoon feeding. Earlier most of the population was being spoon-fed by borrowing from foreign countries. He attempted to correct the mismanagement of the entire financial system of the country. Nodoubt, it has also produced some bad results. Our industries, even the smaller industries in the consumer goods sectors have to compete with the foreign industries in the field of potato-chips etc. Of course, we must have competition and we should not always be dependent on foreign loans. We must generate goods and services on our own. We must be self-dependent. That was the starting point when Dr. Manmohan Singh started financial reforms. I feel a special debate on this subject should be held so that for the future we can carve out our own pattern of resource generation for making our basic infrastructure.

Sir, the economy of the North-East depends on animal husbandry, agriculture, pisciculture, handloom and textile industries. The situation is such that a lot of agriculture and horticulture items get rotten, because there is no transportation system, because there is no fruit and vegetable preservation system. For agricultural processes also our farmers have to invest. Here, one has to spend more to get a remunerative price.

They have to face more trouble. They have to spend more for selling their produce and to get a remunerative price because of lack of communication facilities and storage facilities. The weather condition is very unfavouable most of the time because of the geopgraphical situation. The minimum infrastructure needed for that area is not there. The minimum development of the road communication is not there. The Central Government is planning to construct express highways to link metroplitan cities with some parts of the country. But for the North-East this is never done. The North-East is still linked to the rest of India by only a 32 KM stretch of land. A single track railway line and a narrow highway servey as the only link with the main land. Ninety per cent of the North East has borders with the neighbouring countries. On the peripheries it has links with some neighbouring countries. If a farmer or if a trader or if an industrialist wants to have trade with people in Mumbai or Delhi or Chennai or Calcutta, it becomes uneconomical because the distance is too far. They should be allowed to have trade with the localities in the neighbouring countries. But after our Independence that was stopped. The foreign tourists were not allowed to go to the North-East. Presently there are five States which have been restricted to foreign tourists for visiting purpose. Tourism is another aspect where the North-East can be developed. But for this purpose the minimum infrastructure was not provided. The basic infrastructure for sustainable development of the areas was not provided even after 50 years of our independence. Now, we are going in for global competition. But the people of the North-East are not in a position to compete even with some of the developed States of the country. We are just trying to have foreign investment. When our domestic investors are not willing to come to the North-East and invest, how can foreign investors come to the North-East and invest? These are imaginable things We must be practicable so that every part of the country can develop equally. Whatever discrimination is there, it should be removed. Based on the resources the States have, there should be equitable distribution of funds.

The Central Government should not be the master of all the subjects. The Central Government should keep with itself some important subjects like currency, defence, communication, security and external affairs. The ramaining subjects should be given to the States. Now, what is the grievance of the common people in the remote areas? They say that the Central Government is exploiting them and not giving them money. Is it a real thing? They should be given their legitimate due to develop themselves. The Central Government should be able to say, "This is part of your share money. There is no need to blame anybody. You develop yourself." Then, there will be competition. Then, every state will think, "This is our share money. We cannot get more than that." Now, everybody is coming to the Central Government with a begging bowl. Everybody tries to influence the Planning commission and the Ministers to get more money. whoever can influence them will get the money. What about the inaccessable States which are far away which could not come on par with any of the developed States of the country, after the British period? We feel that there should be a drastic change in the entire planning system and the budget making system and the financial management of the country. For that, I hope and pray that another Constituent Assembly should be constituted. Let us discuss the matter threadbare and find out what really can lead our country to become stronger and developed to compete with the other developed countries of the world.

With these words I conclude my maiden speech. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI): Dr. Sarma, thank you. I would like to assure you that the entire North-East has a very important place in the heart of India. There might have been some inadequacies at any given point of time. All the Governments at the Centre have cherished the people of Assam as very valuable colleagues and feel proud of the State's resorces. We do not have any kind of discrimination against North-East. They should not feel alienated.

प्रो॰ रामबख्श सिंह वर्मा (उत्तर प्रदेश): माननीय उपसभाध्यक्ष जी, तीन दिन की अनवरत प्रतीक्षा के बाद आपकी कृपा से अपनी बात कहने का अवसर प्राप्त हुआ है, इसके लिये आपका बहुत बहुत धन्यवाद। मान्यवर, मैं इस किसानोन्मुखी, ग्रामोन्मुखी और रोजगार-परक जनोन्मुखी और लोकप्रिय बजट का समर्थन करने के लिये खड़ा हुआ हूं।

महोदय, 11 व 13 मई को परमाणु परिक्षणों के उपरांत जिस प्रकार से विश्व के सम्पन्न राष्ट्रों, यथा अमेरिका, जर्मनी, जापान और आस्ट्रेलिया जैसे देशों ने हमारे देश के खिलाफ आर्थिक प्रतिबंध लगाने की घोषणाएं की और यही नहीं बल्कि विश्व बैंक के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के माध्यम से हमारे देश की आर्थिक घेराबंदी करने की कोशिश की, उस परिप्रेक्ष्य में, उस पृष्ठभूमि में इस सरकार के माननीय वित्त मंत्री द्वारा जो बजट प्रस्तुत किया गया है, उसके बारे में मैं निश्चित रूप से कह सकता हूं कि यह एक सराहनीय प्रयास है और मैं समझता हूं कि इसकी प्रशंसा करनी ही चाहिये। महोदय, जब कि सम्पूर्ण राष्ट्रवासी इन विदेशी प्रतिबंधों के कारण काफी कठोर बजट की कल्पना कर रहे थे, अनुमान लगा रहे थे, वैसी स्थिति में वर्तमान बजट ऐसा लगता है जैसे गर्मी के उपरान्त मानसून की पहली बरसात हो। इस तरह का सुखद अभास और चिंता मुक्त करने वाला यह बजट सिद्ध हुआ है। महोदय, मैंने यहां पिछले तीन दिनों में प्रतिपक्ष के नेता द्वारा और ट्रेजरी बैंच के नेताओं द्वारा बजट के संबंध में प्रकट की गई प्रतिक्रियाओं को सुना है। माननीय नेता प्रतिपक्ष और यहां बैठे हुये आदरणीय प्रणव मुखर्जी और अभी अभी जो यहां से तशरीफ ले गये हैं, पूर्व योजना मंत्री मान्यवर अलघ जी, श्री वेंकैया नायडू और आदरणीय श्री शर्मा जी द्वारा बजट की जो रचनात्मक आलोचना हई है, मैं उसकी प्रशंसा करता हूं। इन्होंने बजट में जो अच्छाइयां है उनको उजागर किया है और उसमें जो खामियां हैं उनको बताया है लेकिन कुछ लोगों ने जानबूझकर इस बजट की आलोचना करने के नाम पर आलोचना की है। कुछ लोगों ने इसे जन-विरोधी बताया है, कुछ लोगों ने इसे दिशा-हीन बताया है और कुछ लोगों ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के लोग डिफरेंट वाइस में बोलते हैं, विभिन्न भाषाओं का इस्तेमाल करते हैं। मान्यवर, मैं आपके सामने एक बात कहना चाहता हूं। हमारे देश के

एक बहुत बड़े नेता, पूर्व प्रधानमंत्री माननीय श्री इन्द्र कुमार गुजराल और युनाइटेड फ्रंट के एक दूसरे नेता माननीय मुलायम सिंह यादव जी ने जो विचार व्यक्त किये हैं, उसको मैं यहां उदाहरण के तौर पर प्रस्तुत करना चाहता हूं। माननीय श्री गुजराल जी ने कहा है कि रक्षा बजट में बढ़ोत्तरी नहीं करनी चाहिये। उसमें कुछ कटौती करके उस धन को सामाजिक विकास की योजनाओं पर खर्च करना चाहिये और वहीं माननीय मुलायम सिंह ने कहा है कि रक्षा बजट में और वृद्धि करनी चाहिये थी। यह बातें विरोधी पक्ष के लोग कहते हैं जो कि विभिन्न भाषाओं का इस्तेमाल करते हैं, डिफरेंट वाइस में बोलते हैं। युनाइटेड फ्रंट के दो बड़े नेता बिल्कुल विपरीत बात कहते है और हमारे ऊपर इस तरह का झूठा आरोप लगाते हैं। मान्यवर, बजट कैसा भी हो, आलोचना करने वाले आलोचना करते ही हैं। मैं यह कह सकता हूं कि वर्तमान परिस्थितियों में जो बजट माननीय वित्त मंत्री जी ने पेश किया है, जिसे हम कह सकते हैं कि सरल बजट है, रोजगारोन्मुख बजट है, किसानोन्मुख बजट है और इम्पलायमेंट का सृजन करने वाला बजट है। उसकी तारीफ करनी चाहिये। मैं इसलिये भी तारीफ करना चाहता हूं क्योंकि मैं गांव का रहने वाला हूं। भारत की अर्थव्यवस्था, भारत के सामाजिक विकास की धुरी ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर, उसकी स्थिति पर और उसकी गतिशीलता पर बहुत कुछ निर्भर करती है।

मान्यवर, कृषि के क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों से निरंतर गिरावट आ रही थी। कृषि के क्षेत्र में हम केवल एक या दो वर्ष के लिये आत्म-निर्भर हो कर पुनः दुसरों पर निर्भर हो गए। इस देश में रहने वाले प्रति व्यक्ति के लिये खाद्यान्न की उपलब्धता निरंतर कम हो रही है। एक कृषि प्रधान देश के लिये यह शर्म की बात है। माननीय वित्त मंत्री जी ने कृषि को बढ़ावा देने के लिये कृषि बजट में 50 प्रतिशत की वृद्धि की है। यही नहीं, ग्रामीण विकास के क्षेत्र में 1233 करोड़ रुपए की वृद्धि कर के 8182 करोड़ रुपए कर दिया है। सिंचाई व बाढ़ नियंत्रण पर 268 करोड़ रुपया बढ़ाया गया है। इंदिरा आवास योजना के माध्यम से जो पिछले वर्ष 1144 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया था, इस वर्ष 1600 करोड़ रुपए का प्रवधान किया गया है। यूरिया खाद पर यद्यपि एक रुपये किलो के हिसाब से माननीय वित्त मंत्री जी ने वृद्धि करने की घोषणा की थी लेकिन बाद में जन भावनाओं को ध्यान में रख कर उन्होंने इसे घटा कर 50 प्रतिशत कर दिया और मैं समझता हूं कि हम सब की भावनाओं का आदर करते हुये शायद वित्त मंत्री इस वृद्धि को भी वापिस ले लेंगे। ग्रामीण बैंकों के लिये माननीय वित्त मंत्री ने 250 करोड़ रुपए अधिक का आबंटन किया है। नाबार्ड की हिस्सा पूंजी में वृद्धि करने के लिये 500 करोड़ रुपए की वृद्धि की है। ग्रामीण जलापूर्ति के लिये 1627 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। एकीकृत सिंचाई योजनाओं के लिये 58 प्रतिशत आबंटन में वृद्धि की गई है और प्रयोग के तौर पर भारत के 24 जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में नवीन फसल बीमा योजना प्रारम्भ करने की बात की है। पेयजल की सुविधा, खाद, बीज, कीटानाशक आदि चीजों की आसान खरीद के लिये किसान क्रेडिट कार्ड की बात कही है। यद्यपि इसमें **यह है कि इसको किस तरह से कार्यान्वित किया जाएगा लेकिन मैं समझता हूं कि सब के साथ बैठ कर के कोई न कोई योजना ठीक से बनेगी। यदि किसान क्रेडिट कार्ड उचित योजना बना कर के किसानों को ठीक से उपलब्ध करवा दिया गया तो गांवों में रहने वाले किसानों की स्थिति में भारी परिवर्तन होगा। मैं समझता हूं कि इस देश में रहने वाले लोग जो विशेष रूप से ग्रामीण जनता है, गांवों में रहने वाले लोग हैं, जिनकी आबादी लगभग 65-66 करोड़ होगी, उनकी आर्थिक-स्थिति में आशातीत सुधार होगा। यदि उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा तो देश की आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा क्योंकि इस देश की आर्थिक स्थिति गांवों में रहने वालों की आर्थिक सिथति पर निर्भर करती है। एक ऐसी स्थिति का निर्माण हो सकता है जहां आज हम विदेशों से खाद्यान्न आयात करने के लिए मजबूर हैं, इस योजना के सफलतापूर्वक लागू होने के बाद हम न केवल आत्म-निर्भर होंगे बल्कि विदेशों को भी खाद्यान्न निर्यात कर सकेंगे। परन्तु, मैं एक बात वित्त मंत्री जी से कहना चाहता हूं। जो यह घोषणा की गई थी कि हम ग्रामीण विकास और कृषि के क्षेत्र में अपने सकल घरेलू उत्पाद का 60 प्रतिशत इनवेस्ट करेंगे, अभी उस लक्ष्य से हम दूर है लेकिन हमारा विश्वास है कि क्रमशः हम इस दिशा में आगे बढ़ेंगे, आने वाले दिनों में शायद हम अपने बजट का 60 प्रतिशत कृषि की अर्थ-व्यवस्था पर खर्च कर पाएंगे।**

मैं इसलिए भी प्रशंसा करना चाहता हूं इस बजट की कि शिक्षा जैसे बुनियादी क्षेत्र में जिसकी निरंतर उपेक्षा की गयी है इसमें माननीय वित्त मंत्री जी ने 50 परसेंट की वृद्धि की है और पिछले वर्ष की तुलना में जहां पिछले वर्ष 4,715.85 करोड़ का आवंटन किया गया था इस वर्ष 7,047.12 करोड़ का आवंटन इस मद में किया गया है। यह राशि अभी भी 6 परसेंट जी०डी०पी०—से काफी कम है। लेकिन जैसा कि माननीय वित्त मंत्री जी ने कहा है कि यह जो हमारी वर्तमान योजना अवधि है, जो

हमारी नवीं योजना है इसके अंत तक शायद 6 परसेंट का जो हमारा लक्ष्य है उसे हम प्राप्त कर लेंगे।

युवा और खेल-कूद के लिए यद्यपि 158.32 करोड़ से वृद्धि करके 214.76 करोड़ कर दिए गए है परंतु भारत जैसे विशाल देश के लिए मान्यवर, मैं समझता हूं कि यह राशि अभी भी अपर्याप्त है। पिछले दिनों में ओलम्पिक और एशियाड में जो हमारा डिसमल परफारमेंस रहा है जिसे देखकर कहा जा सकता है कि हमारे देश का गौरव इससे बहुत घटा है, जहां 1952 में एशियाई खेलों में भारत प्रथम नम्बर पर था वहां आज हमारी स्थिति बहुत ही दयनीय है, इस सारी स्थिति को देखते हुए इस क्षेत्र में और अधिक विनिवेश करने की योजना होनी चाहिए। यद्यपि वृद्धि की गयी है लेकिन यह अपर्याप्त है भारत जैसे विशाल देश को देखते हुए।

शिक्षा के क्षेत्र में आपरेशन ब्लैक बोर्ड के मद में केवल 3 करोड़ की वृद्धि की गयी है। मान्यवर, 6 वर्ष से लेकर 14 वर्ष के बालक-बालिकाओं को निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा देने का जो इस देश का लक्ष्य है जो हमारा कांस्टीटयूशनल आब्लीगेशन है उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि यह राशि बहुत कम है और इस मद में राशि को बढ़ाने की आवश्यकता है। मेरा विश्वास है कि माननीय वित्त मंत्री जी इस पर ध्यान देंगे।

मान्यवर, कंप्यूटर शिक्षा के लिए भी आवंटन बहुत कम किया गया है। पिछले वर्ष इस मद में 20 करोड़ का आवंटन किया गया था लेकिन इस वर्ष पता नहीं किस कारण से 10 करोड़ की राशि घटा करके केवल 10 करोड़ इसमें किया गया है जबकि कुछ लोगों का अपना आंकलन है कि आने वाले दिनों में जिन्हें कंप्यूटर की शिक्षा नहीं मालूम होगी, जिन्हें कंप्यूटर का ज्ञान नहीं होगा वे निरक्षर के समान होंगे। कंप्यूटर के ज्ञान की बड़ी आवश्यकता आज हर क्षेत्र में है। इसे देखते हुए कंप्यूटर शिक्षा पर और अधिक आवंटन करने की आवश्यकता है। मैं माननीय वित्त मंत्री जी से चाहूंगा कि इस पर अवश्य ध्यान दें।

मान्यवर, प्रोद्योगिकी संस्थानों, हमारे जो आई०आई०टीज० हैं पिछले दिनों इनकी स्थिति में बड़ी गिरावट आई है। ये हमारे देश के प्रेस्टिजियस इंस्टीटयूट्स हैं और इनके माध्यम से हमारे देश में काफी विकास हुआ है। लेकिन कम विनिवेश की वजह से इन प्रोद्योगिकी संस्थानों की दशा निरंतर खराब हुई है। यह स्वागत योग्य बात है कि इस साल माननीय वित्त मंत्री जी ने पिछले वर्ष के 224.51 करोड़ के विपरीत 310.76 करोड़ रुपया रखा है। मेरा विश्वास है कि इस आवंटन से इन संस्थानों की स्थिति कुछ न कुछ ठीक हो सकेगी।

मान्यवर, इस बजट में सर्वाधिक जो खलने वाली बात है वह है व्यवसायिक शिक्षा की उपेक्षा । वोकेशनल एजूकेशन के बारे में हमारे सभी दलों के सभी नेतागण समय समय पर अपने विचार व्यक्त करते रहे हैं। लेकिन इस वर्ष व्यवसायिक शिक्षा के मद में पिछले साल जहां संशोधित बजट में 20 करोड़ था उसके विपरीत इस वर्ष केवल 10 करोड़ रखे गए है। मैं चाहूंगा माननीय वित्त मंत्री जी से कि इस पर अवश्य ध्यान दें। इससे देश की बेरोजगारी दूर हो सकती है।

मान्यवर, मैं इस अवसर पर माननीय वित्त मंत्री जी और इस माननीय सदन के माध्यम से माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री जी का ध्यान इस देश के विश्वविद्यालय के शिक्षकों और डिग्री कालेज के शिक्षकों की इस मांग की ओर दिलाना चाहता हूं कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने जो संस्तुत वेतनमान देने की बात की है जो रिकमेंडेशन मानव संसाधन विकास मंत्रालय में पड़ा हुआ है (माननीय मंत्री जी के विचारार्थ) इस पर ध्यान दिया जाए। उन्हें स्वीकार किया जाए जिससे कि इंस्टीटयूशंस में, विश्वविद्यालयों में, डिग्री कालेजों में, शैक्षणिक वातावरण में सुधार हो और विद्यार्थियों को ठीक से शिक्षा प्राप्त हो सके।

मान्यवर, रक्षा के बजट में 14.13 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। अब हमारे जो पड़ोसी देश हैं, पाकिस्तान है, चाइना है, उनका जो रक्षा बजट है, उनकी तुलना में हमारा रक्षा बजट बहुत ही कम है और हमारे देश की सुरक्षा के लिए जो चुनौतियां हैं उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि इसमें और अधिक प्रावधान करना चाहिए। वैसे यह खुशी की बात है कि माननीय वित्त मंत्री जी ने आश्वासन दिया है कि आवश्यकतानुसार इस मद में और आवंटन किया जा सकता है। मैं इस बजट का स्वागत करना चाहूंगा क्योंकि माननीय वित्त मंत्री जी ने इस समय हमारे सामने जो विश्वव्यापी चुनौतियां हैं उसे देखते हुए परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में 2608 करोड़ का आवंटन किया है जो कि पिछले वर्ष से 60 प्रसेंट के लगभग बढ़ा दिया है। इसी प्रकार से अंतरिक्ष विभाग के लिए 52 परसेंट की वृद्धि की है। यह स्वागत योग्य कदम है और चुनौती को देखते हुए यह आवश्यक भी था।

महोदय, मैं एक बात आपके माध्यम से माननीय वित्त मंत्री जी से आय कर देने वाले नौकरी पेशा लोगों के लिए कहना चाहता हूं। यद्यपि माननीय वित्त मंत्री जी ने आयकर की सीमा 40 हजार से बढ़ा करके 50 हजार कर दी है, परन्तु 60000 से ले करके डेढ़ लाख रुपये तक जिन लोगों की कुल आय है उनके लिए आय कर की दर 20 फीसदी है और डेढ़ लाख रुपये से ऊपर

आय वाले सभी लोगों की चाहे उनकी आय चार लाख, पांच लाख कुछ भी हो उनके लिए आयकर की दर 30 प्रतिशत है। मैं चाहता हूं और मैं नहीं, मैं समझता हूं कि इस देश के सभी नौकरी पेशा लोग चाहते हैं जिस प्रकार की प्रतिक्रियाएं समाचार-पत्रों के माध्यम से व्यक्त हुई हैं इन दोनों के बीच में 20 फीसदी और 30 फीसदी के बीच में आयकर की एक दर और इंट्रोड्यूस होनी चाहिए। डेढ़ लाख जिनकी आय है उससे ज्यादा और ढाई लाख जिनकी आय है उससे कम के लिए 25 प्रतिशत की आयकर की दर एक और उसमें इंट्रोड्यूस की जा सकती है। इससे मैं समझता हूं कि आय करदाताओं को थोड़ा फायदा होगा और इससे वित्त मंत्री जी का कुछ विशेष नुकसान नहीं होगा।

मान्यवर, अंत में मैं कहना चाहता हूं कि वित्त मंत्री जी ने स्वदेशी को विश्व अर्थ व्यवस्था से जोड़ने का एक अच्छा प्रयास किया है। मंदी के दौर से गुजर रही इस अर्थ व्यवस्था में जान फूंकने का प्रयास किया गया है। घरेलू उद्योग को प्रतिस्पर्धा में बनाए रखने के लिए यद्यपि कुछ संरक्षणवाद का सहारा लिया गया है, परन्तु इसमें एक ओर जहां भारतीय अर्थ व्यवस्था विदेशी पूंजी पर पूरी तरह से आश्रित नहीं रहेगी, कुछ स्वावलंबन की भावना बढ़ेगी वहीं पर विदेशी पूंजी को भी आकृष्ट करने की पूरी कोशिश की गई है। विदेशी पूंजी का भी प्रभाव बना रहेगा। ऊर्जा के क्षेत्र में, परिवहन के क्षेत्र में और संचार जैसे जो आधारभूत क्षेत्र हैं उनमें भी योजनागत व्यय में 35 फीसदी वृद्धि की गई है। इससे पूंजी बाजार में हलचल तेज होगी और साथ ही औद्योगिक गतिविधियों में चौतरफा तेजी आयेगी। मान्यवर, बीमा के क्षेत्र में जो निजी स्वदेशी कंपनियों को खोल दिया गया है उससे वित्तीय क्षेत्र में भी प्रतिस्पर्धा होगी। मैं समझता हूं कि इससे हमारे देश में और अधिक बचत होगी जिससे कि इस देश की इंडस्ट्री को फायदा होगा।

मैं वित्त मंत्री जी के इस साहसिक कदम की प्रशंसा करता हूं और इसलिए इस बजट का समर्थन करता हूं।

इन शब्दों के साथ, पुनः आपको बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया।

SHRI LACHMAN SINGH (Haryana): Mr. Vice-Chairman, sir, many hon. Members have talked about certain things which are there in the Budget. It is customary that when we are in the Government, we support the Budget. But when we are in the Opposition, we oppose it. I will not adopt this method. There are very good things in the Budget. I would like to support those things. For example, take the case of housing. It is a very good thing. The present Finance Minister has adopted a liberal attitude. There would be no wealth tax for five years. It would be 100 per cent free for the first five years and 30 per cent for another five years. But I would like to request the Finance Minister to add one thing into it. The Rent Control Act should also be amended so that the owner can be in a position to eject the tenant after five years or after ten years; let it be ten years. I don't mind. But there should not be perpetual ownership of the tenant. Then I am sure that thousands of people will get employment and particularly people of Bihar and U.P. will be benefited because thousands of buildings, commercial as well as residential, will be built in a very short time. Secondly, I would like to say that when I was the Industry Minister in Haryana, people used to see me in Delhi regarding subsidies. Mr. George, who is a very intelligent man has changed his views now; he has become a rightist, he is sitting in front of me. So he will appreciate that the subsidies have destroyed our country. So some subsidies must be abolished. Take the case of gas and petrol pumps. One of the Ministers was fined Rs.50 lakhs by the Supreme Court on allocation of petrol pumps. So, the Vajpayee Government consisting of 18 parties should immediately abolish this system and this should be free. Anybody who wants to install a petrol pump or a gas agency can do it in no time. Then, let the market prevail and the rate prevalent in the market will be available to everybody. Why should the Government cling to that and sit on that by saying that they will allot Petrol Pump and gas Agency. Sir, I can take an oath and say that even now lakhs of rupees are given for getting allotment even in these Committees. That is a hard fact; so it should be abolished. Why does the Government want to keep it with them? Let it be free. Everything should be free. Dr. Manmohan Singh has paved the way

and Mr. Chidambaram followed it. Same is the policy of Mr. Sinha at the moment. There may be some little changes; I do not think there are a lot of changes. So I request the Finance Minister to decide it in the Cabinet meeting. Secondly, women Reservation Bill should come in the present session so that the reserved constituencies can also be changed. There is heart-burning in the people when they see that some constituencies are reserved for the last 40-50 years. Ambala is reserved for the last 40 years and same is the case with Sirsa. So this is not fair. It should be changed and Govt. will get 2/3rds majority for Amendment of Constitution. The entire House says that you bring the Bill and it will be passed. Sir, one thing is very essential. The Punjab Government should be helped. The Akalis in Punjab have saved Punjab. Now the ISI agencies don't dare to come to Punjab. So, the Badal Government should be helped in all respects. Supposing, there is a war between India and Pakistan, Punjab has to fight that war. If the Punjab people are with us, only then we can win. So the entire country must help Punjab Government. Any party or any political party which wants to destablise Punjab Government must be discouraged. Nobody can win elections in Punjab except the Akalis. Though I am a Congressman, I am not an Akali, I am a practical person, not theoretical. I know that ground realities are as such in Punjab. So they should be helped by all means. Secondly, I would request that the farmers of Punjab and Haryana should be helped. They are contributing 70 per cent to the foodgrain pool of the country. Sir, Haryana should be given at least Rs. 1000 crores as aid because we have no water. There is no irrigation facility in Haryana, drinking water is not available, roads are in a very bad shape and it is the same with electricity. What to talk of all these, even in Delhi it is very bad. You are seeing it everywhere in the country. So, I would request that help must be given to Haryana if you want the country progress. I would request one thing to the Finance Minister. In future the Budget should be presented on the 28th of Februrary because for the last two years the Budget is always presented in the middle of the year. So I will pray to God that this Government lasts for that period also so that they can present the Budget on 28th of February. I pray for that.

9 PM

I am praying for you. I am not praying for anybody else.

Then, Sir, I want to make an appeal. I live in Chandigarh and Kalka. Now, Himachal is an industrially backward State. Kalka was in Nalagarh in H.P before the division of Punjab. But the topography of the area has not changed. It is not our fault that we have been put in Haryana. It is the fault of those leaders who did it. And Punjab also suffers. I request that Kalka, Pinjore Block, Panchkula District, Yamunanagar and Ambala should also be declared industrially backward. Why only Himachal areas? We will also contribute something to the country.

These areas should also be declared industrially backward. Sir, when an area is declared industrially backward, there is no income-tax for five to six years, there is no sales-tax and many other facilities are made available in that area. Sir, climatically it is a good area. We can develop these areas industrially. I request the Central Government to kindly accept this demand. I had made this submission last year also. Then there is another heart-burning issue. From Kalka to Parwanoo it is only a distance of one kilometre. These two towns are linked through STD. I mentioned it last time and I don't want to blame that Government. They have gone as an unhappy lot. The Minister has also gone. I don't know whether he had won or not. But he had promised that he would do it. The bureaucracy did not allow him to do it. Sir, from Kalka to Parwanoo it is a distance of only one kilometre and there is STD. From Parwanoo to Shimla, which

is a distance of 90 kms., it is a local call. Sir, the whole of Himachal is through local calls, thanks to Sukh Ram, who won on account of that. So, from Kalka to Parwanoo, it is STD. From Kalka to Chandigarh, which is a distance of 25 kms. and Panchkula, it is STD. The then Minister had promised that he would do it in no time. But as you know, Sir, so far as the bureaucracy is concerned, papers move at a very slow speed. When the bureaucrat start functioning, India will become America. There is no doubt about it. We are much better than those people. The only problem is that in our country the file doesn't move. They say there is no weight on it. It is not the paper-weight, Sir. And the paper here means the currency. It is the weight of the currency. Things don't move in our country. That is the tragedy. And we always blame the previous Governments! So far as this Government is concerned, it has been in office only for the last two months. We cannot blame this Government for the ills done by the previous Governments. But the responsibility has fallen on their shoulders now. They have to decide what they are going to do now. I do hope that Mr. George, who is a very competent man, can do it, if he wants to do things. If he doesn't want, then it is my bad luch. I can't help it. I do hope that he will help me in this regrd.

Mr. Vice-Chairman, Sir, how many more minutes are you going to give me? I hope you are not going to *bajaofy* the *ghanti* imediately.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI): I thought you did't need the *ghanti!* You will yourself regulate yourself. But I think you have made all your points.

SHRI DIPANKAR MUKHERJEE: Sir, ...*(Interruptions)*...

